कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
बालाघाट वनवृत्त, बालाघाट, मध्यप्रदेश – 481001

Email- ccf.bgt@mp.gov.in, दूरभाष : 07632–241201 फैक्स : 07632–240268

क्रमांक/DM/ 2903 बालाघाट, दिनांक : 22/ 09 /2017

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
उत्तर सामान्य
वनमण्डल बालाघाट

विषय :– बालाघाट जिले के उत्तर (सामान्य) वनमंडल के वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर क्षेत्रांतर्गत वन कक्ष क्रमांक 1491 में रकबा 40.468 हेक्टेयर वनक्षेत्र पर बॉक्साईड खनिज उत्खनन हेतु वन (सरंक्षण) अधिनियम के तहत वन भूमि व्यपवर्तन का ऑनलाईन प्रस्ताव
आवेदक– मेसर्स धरमसी मोरारजी केमिकल्स कंपनी लिमिटेड मुंबई

संदर्भ :– आपका पत्र क्र/मा.चि./1189 दिनांक 08.09.2017.

–0–

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपके संदर्भित पत्र से प्राप्त विषयांकित प्रस्ताव के परीक्षण में पाया गया कि आवेदित वनक्षेत्र 40.468 हेक्टेयर कक्ष क्रमांक 1491 के मध्य में स्थित है तथा उक्त आवेदित क्षेत्र में पहुँचने हेतु कोई पहुँच मार्ग उपलब्ध नहीं है। बाक्साईड खनिज उत्खनन के लिये आवेदित किये गये वनक्षेत्र में पहुँच मार्ग हेतु लगने वाली आवश्यक वनभूमि को भी शामिल करते हुये इसका प्रस्ताव में समावेश किया जाना आवश्यक है। अत्एव आवेदित वनक्षेत्र में पहुँच मार्ग का समावेश करते हुये नवीन प्रकरण/पुनरीक्षित प्रकरण तैयार किया जावे।

इसके अतिरिक्त प्रकरण मे आवेदित वनक्षेत्र की कान्हा नेशनल पार्क/बफर जोन से दूरी 20 कि.मी. बताई गई है। जबकि Google Earth में 11 कि.मी. है। अत्एव प्रस्तावित आवेदित स्थल से 10 कि.मी. की परिधि में कोई संरक्षित क्षेत्र/टाईगर रिजर्व/राष्ट्रीय उद्यान/अभ्यारण्य/वन्यप्राणी कॉरीडोर स्थित है अथवा नहीं की स्थिति स्पष्ट करते हुये भारतीय सर्वेक्षण विभाग की 1:50000 स्केल की रंगीन टोपोशीट मानचित्र पर दर्शाया जावे।

अत्एव आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त बिन्दुओं की पूर्ति करते हुये निर्देशानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस कार्यालय को प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव 4 प्रतियों में मूलतः आपकी ओर प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(धीरेन्द्र भार्गव)
भा.व.से.
मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
बालाघाट वनवृत्त म.प्र.

E:\YEAR 2012-16 DM\Dharm ji Morar ji\20-09-2017.doc